# Practice Paper- 1 (Unsolved)

# भूगोल (Geography)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 70**

**सामान्य निर्देश**

I) प्रश्नों की कुल संख्या 22 हैं।

ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

iv) प्रश्न संख्या 1–7 तक अति लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

v) प्रश्न संख्या 8–13 तक लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

vi) प्रश्न संख्या 14 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं। ये दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं ऐसे सभी प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिये।

vii) प्रश्न संख्या 21–22 मानचित्र आधारित प्रश्न है। ये प्रश्न भारत एवं विश्व के रेखाचित्रों पर भौगोलिक लक्षणों को दिखाने और पहचानने से सम्बन्धित है।

viii) भारत तथा संसार के रेखा मानचित्रों को प्रश्नपत्र से अलग कर अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ लगाइये।

1. भूगोल शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया था? 1
2. माइका नामक खनिज मुख्यतः किस उपयोग में आते हैं? 1
3. विश्व के सबसे गहरे गर्त का नाम तथा उसकी गहराई बताइए? 1
4. हॉट–स्पॉट किसे कहते हैं? 1
5. भारत का कुल क्षेत्रफल बताइए। यह संसार के क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है? 1
6. जम्मू व कश्मीर की दो अलवणीय झीलें कौन–सी हैं? 1
7. भारत के राजस्थान राज्य में कौन–से प्रकार के वन पाए जाते हैं? 1
8. पृथ्वी की आंतरिक सरंचना की तीन परतों के नाम लिखो तथा एक चित्र बनाकर दर्शाओ। 3
9. फियोर्ड किसे कहते हैं? 3
10. ज्वार–भाटा नौसंचालन को किस प्रकार प्रभावित करता है? 3
11. प्रायद्वीपीय पठार की कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए? 3
12. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कोई तीन कारक बताइए। 3

https://www.evidyarthi.in

13. किस स्थिति में विकास कार्य आपदा का कारण बन सकता है? 3

14. पृथ्वी की उत्पत्ति से सम्बन्धित प्रारम्भिक संकल्पनाओं को स्पष्ट कीजिए? 5

15. महाद्वीपों के विस्थापन के पक्ष के क्या प्रमाण दिये जा सकते हैं? विवरण दीजिए। 5

16. जैव विविधता के ह्रास को रोकने के उपायों का वर्णन करें। 5

17. हिमालय पर्वत की मुख्य श्रृंखलाओं के नाम, लिखिए तथा पश्चिमी हिमालय एवं पूर्वी हिमालय में कम से कम तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए। 5

18. मृदा किसे कहते हैं? मृदा निर्माण के कोई चार कारक बताइऐ। 5

19. भारत की जलवायु में प्रदेशिक विविधता होते हुए भी एक रूपता देखने को मिलती है। इस कथन को पुष्टि कीजिए। 5

20. भारतीय अपवाह तंत्र की कोई पाँच विशेषताएँ बताइए। 5

21. दिए गए भारत के मानचित्र में निम्न को दर्शाइए। 5

*i)* दक्षिण की गंगा

*ii)* भारत में हिमालय की सबसे ऊँची चोटी

*iii)* नदी पर स्थित पत्तन

*iv)* दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी

*v)* काली मिट्‌टी का क्षेत्र




https://www.evidyarthi.in

22. संसार के मानचित्र में निम्न को पहचानिए तथा दिए गए स्थान पर उनके नाम भी लिखें। 5

A) उत्तरी अमेरीका के घास के मैदान

B) ठंडी समुद्री धारा

C) सबसे लम्बी नदी

D) उत्तर के नवीन पर्वतमालाएँ

E) आस्ट्रेलिया के पूर्व में स्थित प्रवाल वित्ति।




https://www.evidyarthi.in